हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 27 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

संविधान दिवस पर अमृत सरोवर स्थलों पर... 12


धान खरीदी केंद्रों के बजाए किसान तहसील ... 12




## जर्जर प्राशा कोलियारी की मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने किया चंदा और ली जवाबदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले की ग्राम पंचायत सुरेली के आश्रित ग्राम कोलयारी स्थित प्राथमिक शाला की जर्जर अवस्था से क्षुब्ध ग्रामीणों का आक्रोश आखिरकार फूट पड़ा। लंबे समय से अनदेखे पड़े स्कूल भवन को सुधारने के लिए ग्रामीणों ने स्वयं चंदा एकत्र कर मरम्मत कराने का निर्णय लिया है। गांव के लोगों ने अब तक लगभग 45 हजार रुपये जुटा भी लिए हैं, जिससे स्कूल की अस्थायी मरम्मत तत्काल शुरू की जाएगी। जानकारी के अनुसार, 15 अप्रैल 2025 को आए तेज आंधी–तूफान में प्राथमिक शाला का भवन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। छत के बड़े हिस्से टूट जाने से बच्चों की पढ़ाई पिछले कई महीनों से तिरपाल के सहारे चल रही थी। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने स्कूल की मरम्मत के लिए कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को लिखित आवेदन दिए, लेकिन किसी ने भी पहल नहीं की। इसी उपेक्षा से आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने सोमवार को बुलाई गई विशेष ग्रामसभा का सामूहिक रूप से बहिष्कार कर अपना विरोध दर्ज कराया। ग्रामसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर स्कूल की छत की तत्काल मरम्मत की मांग दोहराई गई। इसी दौरान गांव के लोगों ने स्वयं सहायता कोष बनाने पर सहमति जताई और घर–घर जाकर चंदा एकत्र किया। ग्रामीणों ने बताया कि 45,000 रुपये की राशि से स्कूल की छत और अन्य क्षतिग्रस्त हिस्सों की अस्थायी मरम्मत कराई जाएगी, ताकि बच्चों की पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रह सके।

**स्थायी समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी**





### ग्रामीणों की पहल की सराहना

ग्रामीणों की इस अनुकरणीय पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। उनका स्पष्ट कहना है कि बच्चों की शिक्षा सर्वोपरि है और वे किसी भी परिस्थिति में उनकी पढ़ाई प्रभावित नहीं होने देंगे। ग्रामीणों ने चेतावनी भी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही स्थायी समाधान नहीं किया, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### ये हुए शामिल

शिक्षा को लेकर ग्रामीणों की यह प्रतिबद्धता न केवल जागरूकता का संकेत है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सरकारी उदासीनता के बीच भी समुदाय स्वयं आगे बढ़कर बदलाव ला सकता है। इस दौरान सरपंच कृष्ण कुमार हुपेंडी, पुनीता उसेंडी, प्रदीप जैन, राजेश त्रिपाठी, वंदेश्वरी कवाड़े, सम्पत नेताम, मंगलदायी जैन, ललित दरों, पतिराम उसेंडी, प्रकाश जैन, जेठाराम, मालती जैन सहित समस्त ग्रामवासी शामिल थे।

---

**खबर संक्षेप**

### संविधान दिवस पर कार्यशाला आयोजित



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत को शाप्रामाशा नागहूर, संकुल तराईघोटिया में संविधान दिवस के अवसर पर महिला एवं लड़कियों के साथ होने वाले डिजिटलीय तथा समाजिक हिंसा के खिलाफ कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आईसीडीएस के सुपर वाईजर एलमा और निर्मला भास्कर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए, महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ होने वाले हिंसाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दिया और साथ ही उसके निदान भी बताए। धन्नूराम पदमाकर ने संविधान के महत्व को बताया। इस अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता गायत्री नेताम, ललित माँझी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कांति भास्कर, कमलबत्ती दीपक, प्रधानाध्यापक सीआर तारेन्द्र, समस्त स्टाप एवं विध्यार्थी उपस्थित रहे।

### फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत कोटलभट्ठी निवासी 32 वर्षीय अशोक नेताम ने प्लास्टीक रस्सी का फंदा बनाकर फंसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। संतोष कुमार नेताम ने पुलिस को बताया कि 24 नवंबर को मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में म्यार में प्लास्टीक रस्सी से फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया व उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### गायब युवक का शव झाड़ियों से बरामद

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत ग्राम चिंगनार निवासी 18 वर्षीय धनेश्वर पोटाई 24 नवंबर को सुबह 8 बजें खेत में कारने के लिए जा रहा हूं कहकर घर से निकला था। युवक 25 नवंबर तक घर नही आया तो खोजबीन किया गया। पतासाजी के दौरान 25 नवंबर को सुबह 7 जें युवक का शव गांव के भर्री में झाड़ियों के पास मिला। युवक का मौत कैसे हुआ यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### साप काटने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत किनारी निवासी 34 वर्षीय मानकुराम गावड़े को सांप ने काट लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी मौत हो गई। किनारी निवासी 60 वर्षीय लक्ष्मण गावड़े ने पुलिस को बताया कि मृतक के अंगुठा को 24 नवंबर को सांप ने काट लिया था। इलाज के लिए सीएचसी भानुप्रतापपुर ले जाने के बाद परिजन युवक का छूट्टी कराकर घर ले गए। अगले दिन 25 नवंबर को उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### चुनरी का फंदा बना युवती ने दी जान

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत हाटकर्रा निवासी 19 वर्षीय माधुरी मंडावी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। हाटकर्रा निवासी 42 वर्षीय पिता राम मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 24 से 25 नवंबर के बीच अज्ञात कारणों के चलते चुनरी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### भुइयाँ के सिंगार कार्यक्रम 29 को

**नरहरपुर।** विकासखंड नरहरपुर के ग्राम जामगांव में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले के अवसर पर आगामी 29 शनिवार को लोक संस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिलेगी। ग्राम बादल की सुप्रसिद्ध भुइयाँ के सिंगार छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था अपनी मनमोहक प्रस्तुति देगी।

---

कर्नाटक और हरियाणा में लाखों वोटों की चोरी हुई: कांग्रेस

## निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल मौलिक अधिकार के लिए संघर्ष जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कई बार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जनता को आगाह किया



कांकेर की धरा पर बुधवार को पहली बार पहुँचे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने राजीव भवन में उपस्थित कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार लोग एसआईआर को लेकर चिंता और बेचैनी में हैं। यह चिंता बनी रहेगी या बढ़ेगी, कहना मुश्किल है लेकिन सच यह है कि कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं को अपने मौलिक अधिकार के लिए अभी संघर्ष करने की जरूरत है।

प्रदेश प्रभारी ने आरोप लगाया कि बीते दो वर्षों में निर्वाचन आयोग ने जिस तरह से काम किया है, वह निष्पक्ष नहीं दिखता। उन्होंने कहा कि कर्नाटक और हरियाणा में लाखों वोटों की चोरी हुई, राहुल गांधी ने कई बार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जनता को आगाह किया, लेकिन आयोग ने न तो जांच की और न ही कोई स्पष्टीकरण दिया। यह लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। उन्होने कहा कि बूथ स्तर पर गड़बड़ियों की आशंका पहले ही सामने आ रही है, जबकि चुनाव में अभी तीन साल बाकी हैं। वोटर लिस्ट आप देते नहीं, वोटिंग के दिन का सीसीटीवी रिकॉर्ड डिलीट कर दिया जाता है, सवालों के जवाब नहीं मिलते, इससे साफ है कि निर्वाचन आयोग का काम अब पहले जैसा पारदर्शी नहीं रहा। उन्होंने कहा कि बीएलओ की जिम्मेदारी है कि वह तीन बार प्रत्येक घर में जाए। अगर घर के लोग खेती, किसानी या मजदूरी में लगे हों, तो उसके अनुसार समय देकर काम पूरा करे। यदि 2003 की लिस्ट में नाम है तो एक सरल फॉर्म भरना है, नहीं है तो रिश्तेदार के नाम के आधार पर भी नाम जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट से सबसे ज्यादा प्रभावित वे लोग होते हैं जो जागरूक नहीं हैं, जिसमें भूमिहीन, मजदूर, आदिवासी, गरीब लोग जिन्हें दफ्तरों में जाकर लड़ना नहीं आता, जिनमें पढ़ाई–लिखाई की कमी है। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले दो सालों में सरकार ने हाथ खड़े कर दिए, जो आदेश दिल्ली से आता है वही किया जाता है। रोजगार, कानून व्यवस्था, विकास इन सबसे कोई मतलब नहीं है। सरकार ▶▶| शेष पेज 10 पर

### पूर्व सीएम ने लगाए कई आरोप

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि गरीब, मजदूर, आदिवासी और असहाय लोगों के नाम सबसे ज्यादा हटाए जा रहे हैं, क्योंकि वे जागरूक नहीं हैं और शिकायत करने की प्रक्रिया भी कठिन है। उन्होंने कहा कि अगर हर बूथ में 30-40 नाम ऊपर–नीचे कर दिए जाएँ, तो एक विधानसभा में हजारों वोट प्रभावित हो जाते हैं। कांग्रेस परिवार की असली ताकत हमारी एकजुटता है, इसलिए सभी बूथ में जाकर अपने मतदाता का नाम न कटने दे।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी के साथ प्रतिपक्ष नेता चरणदास महंत, विधायक सावित्री मंडावी, विधायक संगीता सिन्हा, विधायक अनिला भेड़िया, युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव पूर्णचंद्र पाढ़ी, युवक कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, फूलोदेवी नेताम, शंकर ध्रुवा, हेमंत ध्रुव, बसंत यादव, वीरेश ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, जनक नंदन कश्यप, हरनेक सिंह औजला, गफफार मेमन, खोमेंद्र उइके, सुरेश नाग, झरना ध्रुव, सुमित राय, चमन साहू, तारस सिन्हा, अमन गायकवाड़, लोमेंद्र यादव एवं अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

---

## दो सगे भाइयों के परिवारों में मारपीट दोनों पक्ष के खिलाफ मामला कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- भैया-भाभी और देवर-देवरानी के खिलाफ जांच जारी

मामूली बात को लेकर दो सगे भाइयों के परिवारों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर लात–घूंसे चला दिए। मारपीट में दोनों ओर से चोटें आने के बाद दोनों परिवारों ने चारामा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। घटना चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम तेलगरा की है।

पहली शिकायत तेलगरा निवासी 42 वर्षीय राखी ठाकुर पति विश्वजीत सिंह ने दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि उनका देवर सत्यजीत ठाकुर और देवरानी राजेश्वरी ठाकुर घर के पास ही रहते हैं, जबकि उनकी सास देवर के साथ रहती हैं। राखी ने बताया कि उनके पति बीएसएफ में नौकरी करते हैं और अक्सर घर से बाहर रहते हैं। बड़ी बेटी सास के साथ देवर के घर में ही रहती है। राखी का आरोप है कि देवरानी अक्सर उनसे विवाद करती है और उन पर आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करती रहती है। राखी के अनुसार 25 नवंबर को वे अपने पति को लेने के लिए अंतागढ़ गई थीं और शाम लगभग 6 बजे दोनों पति-पत्नी घर पहुँचे। तभी देवर और देवरानी ने गाली देना शुरू कर दिया और धमकी दी कि वे उनके पति को झूठे केस में फंसाकर नौकरी से निकलवा देंगे। विवाद बढ़ने पर दोनों ने मिलकर मारपीट की, जिससे राखी के हाथ और पेट में चोट आई। पुलिस ने आरोपी सत्यजीत ठाकुर और राजेश्वरी ठाकुर के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

दूसरी ओर से देवरानी राजेश्वरी ठाकुर पति सत्यजीत ठाकुर ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि शाम 6 बजे जब वे पड़ोसी गोमती मंडावी के घर जा रही थीं, तभी राखी और विश्वजीत कार से उतरते हुए उन्हें गाली देने लगे। विरोध करने पर विश्वजीत ने उनका गला पकड़कर जमीन पर पटक दिया और लात–घूंसे मारे। राजेश्वरी के अनुसार, जैसे ही वे उठीं, राखी ने बाल खींचकर थप्पड़ और मुक्के मारे तथा उन्हें जमीन पर गिराकर छाती पर बैठकर मारपीट की। बचाने आई सास के साथ भी हाथापाई ▶▶| शेष पेज 10 पर

---

## भतीजे को गाली देने पर चाचा-चाची व बेटे की पिटाई, पुलिस विवेचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम मचांदुर में बीती 25 नवंबर की शाम नशे में हंगामा कर रहे भतीजे को समझाना चाचा को भारी पड़ गया। भतीजे द्वारा गाली-गलौज और मारपीट की शुरुआत के बाद पूरा मामला गंभीर हो गया और उसके परिवार के लोग भी पहुंचकर विवाद में शामिल हो गए। थाना चारामा में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे 55 वर्षीय श्याम कुमार साहू पिता स्व. हलाल खोर, निवासी मचांदुर ने बताया कि घटना शाम लगभग 7 बजे की है। उनका भतीजा बिरेन्द्र साहू घर के मुख्य द्वार पर शराब के नशे में पहुंचा और जोर-जोर से गाली-गलौज करते हुए दरवाजा बंद करने पर विवाद करने लगा। श्याम कुमार ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन बिरेन्द्र उल्टा उन्हें ही गाली देते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगा। इसके बाद उसने पास पड़ी लकड़ी उठाकर उन पर हमला किया। श्याम कुमार ने शोर मचाया तो उनकी पत्नी उषा बाई बाहर आईं और बीच-बचाव करने लगीं। इसी दौरान बिरेन्द्र का भाई पूनम साहू और उसकी पत्नी रोशनी साहू भी मौके पर पहुंच गए और बिरेन्द्र का साथ देते हुए दंपती के साथ ▶▶| शेष पेज 10 पर

## शराब दुकान के सुपरवाइजर की कालर पकड़कर सड़क में पिटाई



**कांकेर।** विदेशी शराब दुकान में सुपरवाइजर पद पर पदस्थ युवक के साथ सड़क पर रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। चारामा थाना में शिकायत करने पहुँचे पीव्ही 35 कापसी निवासी 33 वर्षीय हराधन बढ़ाई पिता लखन बढ़ाई ने चारामा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि वे विदेशी मदिरा दुकान चारामा में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। 26 नवंबर को सुबह लगभग 11 बजे वे ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान आरोपी गुलाब सिन्हा ने अपने ढाबा के सामने सड़क पर उन्हें रोक लिया। शिकायत के अनुसार आरोपी ने रास्ता रोकते हुए कहा कि पहले सड़क बनवाओ, तब आगे जाना। पीड़ित द्वारा मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उनका कॉलर पकड़ लिया और हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगा। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की शिकायत पर चारामा पुलिस ने गुलाब सिन्हा के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पीएम आवासों का निर्माण समय पर पूरा करें, जिपं सीईओ की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा के लिए 26 नवंबर को जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश कुमार मंडावी ने किया। बैठक में नोडल अधिकारी, जनपद क्षेत्र के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र उपस्थित रहे।

आयोजित बैठक में विकासखंड अंतर्गत आवास स्वीकृति, निर्माण प्रगति एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दुर्गूकोंदल विकासखंड में 4873 आवास स्वीकृत हैं, जिनको 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जो भी आवास अधूरे हैं, उन्हें तत्काल गति देते हुए पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों का सपना पूरा करने की योजना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई हितग्राही आवास निर्माण प्रारंभ नहीं कर पाया है तो उसे तुरंत निर्माण कार्य शुरू कराना सुनिश्चित करें। सीईओ ने ▶▶| शेष पेज 10 पर

---

बस मन से सच्चे भाव से पुकारने की आवश्यकता भगवान प्रकट होंगे

## गलत संगत से जीवन नष्ट होता है और सुसंगत से है संवरता, इसलिए रहें सावधान : पं. प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- ग्राम कच्चे में शिवकथा में विशाल जनसमूह पहंचा



जिले के ग्राम कच्चे में पंडित प्रदीप मिश्रा ने शिव महापुराण कथा के पहले दिन कहा कि प्रदोष काल में की गई स्तुति और दीपदान से मनुष्य को करोड़ों पुण्य प्राप्त होता है तथा पापों का नाश होता है। इसके साथ ही उन्होंने पराई नारी और पराए धन से दूर रहने की सीख देते हुए कहा कि गलत संगत मनुष्य के जीवन को नष्ट कर देती है। देवराज ब्राम्हण की कथा का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि व्यक्ति का जीवन गलत साथियों के कारण बिगड़ जाता है, इसलिए संगति का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिले के भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम कच्चे में में सात दिवसीय ▶▶| शेष पेज 10 पर

### पहले दिन भक्तों का उमड़ा सैलाब

कार्यक्रम के मुख्य यजमान जितेंद्र जायसवाल एवं राजकुमारी जायसवाल रहे। कथा का आयोजन समस्त ग्रामवासी कच्चे एवं क्षेत्रवासियों की ओर से संयुक्त रूप से किया गया है। कथा के प्रथम दिन ही नगर सहित आसपास के गांवों से भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा औरपंडाल खचाखच भर गया। भीड़ को ध्यान में रखते हुए जिला एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा यातायात डायवर्ट कर विस्तृत व्यवस्था की गई।

### भंडारा, चिकित्सा व सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था

कथा स्थल के पास भक्तों के लिए भंडारा, भोजन और चिकित्सा शिविर की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा जगह-जगह बेरिकेड्स लगाकर यातायात नियंत्रित किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके साथ ही गोदावरी माइंस आरिडोंगरी द्वारा 24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा दी जा रही है।

### कथा स्थल बन जाता है कैलाश धाम

कथा वाचक ने कथा स्थल के दिव्य महत्व पर कहा कि जहाँ कथा होती है, वह स्थान कैलाश धाम का स्वरूप धारण कर लेता है। यदि कोई भक्त वहाँ की मिट्टी तक अपने शरीर से स्पर्श कर ले, तो उसके भी जीवन के दुख दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में दुखी है, लेकिन शिव आराधना, भजन और प्रार्थना ही वह मार्ग है जो मनुष्य को सच्चा सुख प्रदान करता है।

## टूराखार की रीना बनीं आबकारी उपनिरीक्षक, कांकेर गौरवान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



विकासखंड कांकेर के ग्राम टूराखार (सिदेसर) की प्रतिभाशाली बेटी रीना कोमरा ने अपनी मेहनत, लगन और अटूट संकल्प के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परिणाम में रीना का चयन आबकारी उपनिरीक्षक पद पर हुआ है। उनकी इस सफलता से न केवल परिवार, बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित है। रीना की सफलता की खबर मिलते ही गाँव में खुशियों की लहर दौड़ गई। परिवार में उत्साह का माहौल है और बधाई देने वालों का ताँता लगा हुआ है। ग्रामीणों सहित समाज के विभिन्न वर्गों ने रीना को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। रीना कोमरा की प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक शाला टूराखार में हुई। इसके बाद उन्होंने कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई सरस्वती शिशु मंदिर में पूरी की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने पीजी कॉलेज से स्नातक किया। रीना की सफलता की राह आसान नहीं रही। यह चयन उनके छठवें प्रयास में संभव हुआ है। उन्होंने इस दौरान चार बार मेंस परीक्षा और दो बार इंटरव्यू दिए। लगातार प्रयास और आत्मविश्वास ने उन्हें अंततः सफलता के शिखर पर पहुँचाया। अपनी उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए रीना ने कहा, यह सफलता मेरे माता-पिता, परिवार के सदस्यों के मार्गदर्शन, प्रेरणा और निरंतर समर्थन का परिणाम है। मैं अपने क्षेत्र ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी पंजीयन की तारीख बढ़ी, अब 30 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन

**कोण्डागांव।** खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के लिए धान खरीदी पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब सभी किसान 30 नवंबर 2025 तक एकीकृत किसान पोर्टल एग्रीस्टैक में अपना पंजीयन, कैरी फॉरवर्ड रजिस्ट्रेशन और फसल–रकबे में संशोधन करा सकेंगे। राज्य शासन के नए आदेश के तहत सभी सहकारी समितियों में 30 नवंबर तक पंजीयन और संशोधन के लिए लॉगिन सुविधा चालू रखी गई है। जिन किसानों का अभी तक पंजीयन नहीं हुआ या जिन्हें रकबा फसल में सुधार करना है, वे तुरंत नजदीकी समिति पहुँचें। अधिक जानकारी के लिए एग्रीस्टैक हेल्पडेस्क टोल–फ्री नंबर, खाद्य विभाग टोल–फ्री नंबर पर संपर्क करें।

### केंद्रीय विद्यालय में लगेगा आधार शिविर 29 को

**कोण्डागांव।** डाक विभाग कोण्डागाँव द्वारा केंद्रीय विद्यालय परिसर में शनिवार 29 नवंबर 2025 को पूरे दिन आधार नामांकन एवं सुधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नया आधार कार्ड बनेगा, पुराने में नाम–पता–फोटो–मोबाइल नंबर होगा अपडेट – बच्चों का नया आधार 5 साल से ऊपर पुराने आधार में किसी भी तरह का सुधार नाम, जन्मतिथि, पता, फोटो, मोबाइल लिंक बायोमेट्रिक अनलॉक की सुविधा भी उपलब्ध होगी। अपने साथ पुराना आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र स्कूल आईडी, राशन कार्ड पता प्रमाण बिजली बिल, बैंक पासबुक आदि पासपोर्ट साइज फोटो जरूरी है। अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग जगदलपुर के निर्देश पर उप–संभागीय निरीक्षक आर.एस. मिश्रा एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव शेख रूहुल ताज के मार्गदर्शन में यह शिविर आयोजित हो रहा है।

### वन मंत्री ने गोलावंड में लगाई चौपाल



**कोण्डागांव।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने ग्राम पंचायत गोलावंड में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से रू–ब–रू मुलाकात की। उन्होंने धान खरीदी की प्रगति और विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य का जायजा लिया। मंत्री ने नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रवार एसआईआर की समीक्षा की। कम प्रगति वाले गांवों में तुरंत शिविर लगाने और कोटवारों से नियमित मुनादी कराने के निर्देश तहसीलदार को दिए। ग्रामीणों से भी एसआईआर में सक्रिय भागीदारी की अपील की। धान खरीदी को लेकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी उपार्जन केंद्रों में पूरी सुविधाएं की हैं। जिन किसानों का पंजीकरण नहीं हो पाया, उनके लिए समय–सीमा बढ़ाई गई है। अधिकारियों को टोकन–पंजीकरण और बिना परेशानी के खरीदी सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

**आयोजन:** देश के प्रति कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने की बातें कहीं

# संविधान पालन का नागरिकों, अफसर सहित सभी ने लिया संकल्प, किया गया उद्देशिका का सामूहिक वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



संविधान दिवस के अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी की अध्यक्षता में सभी ने एक स्वर में भारतीय संविधान की उद्देशिका का पाठ किया और देश के प्रति कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में यूट्यूब लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से संविधान की उद्देशिका का श्रवण किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पवित्र पाठ से जुड़ सकें। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, श्रीमती यशोदा कश्यप, श्रीमती रामदई नाग, अविनाश भोई सहित समस्त अधिकारी–कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी ने कहा,संविधान हमारी आत्मा है। बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें जो समता, स्वतंत्रता और न्याय का संविधान दिया, उसे न केवल पढ़ना है बल्कि हर रोज जीना है।

- जिपं में सभागार में मना संविधान दिवस, पढ़ना के साथ रोज जीना है

## बालेंगा स्कूल में बच्चों ने सामूहिक प्रस्तावना पाठ कर ली शपथ

विकासखंड बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायत बालेंगा स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा–अर्चना से हुई। स्कूल परिसर में सभी बच्चों ने एक स्वर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया और संविधान के मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता का पालन करने की शपथ ली।

कार्यक्रम में प्रधान अध्यापक उमाशंकर नाग, संकुल समन्वयक हीरालाल बघेल, शिक्षक सुदरन मरकाम, नागेंद्र साहू, लच्छूराम वट्टी सहित स्कूल के सभी अधिकारी–कर्मचारी और समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। बच्चों ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए कहा संविधान हमारा अधिकार है और इसे निभाना हमारा कर्तव्य है।



छोटे–छोटे बच्चों का जोश और उत्साह देखते ही बनता था। संविधान दिवस का यह आयोजन स्कूल में पूरे वर्ष भर के नागरिक शिक्षा कार्यक्रम का हिस्सा रहा।

## धूमधाम से मना भारतीय संविधान दिवस, सामूहिक प्रस्तावना पाठ के साथ बाबासाहेब को किया याद



**कोण्डागांव।** भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक पर सर्व अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं धार्मिक अल्पसंख्यक समाज की ओर से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबासाहेब की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुई। इसके बाद सभी ने एक स्वर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। उपस्थित सभी अतिथियों ने क्रमवार संबोधित करते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद किया। संविधान की प्रस्तावना में निहित समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता के मूल्यों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में घोष किया भारत का संविधान हमारा गौरव है, इसे बचाना और निभाना हमारा कर्तव्य है। संविधान दिवस का यह आयोजन समाज के सभी वर्गों के एकजुटता का बेहतरीन उदाहरण बना।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी रहे। अध्यक्ष सर्व समाज धनसराज टंडन, संरक्षक आरके बंजारे, बालसिंह बघेल, रमाकांत महाजन, तरुण नाग, यूएल मारकंडे, वीरेंद्र बघेल, सानू मारकंडे, नरेंद्र मारकंडे, चमन वर्मा, डिकेश मिर्झा, पीएल ठावरे, रितेश कोर्राम, एआर सोनपिपरे, प्रेमराज डहरिया, दिनेश वट्टी, जगदेव सोनवानी, लखराज टंडन, सतीश सहित समाज के सभी प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## जिला कार्यालय में धूमधाम से मना संविधान दिवस



**कोण्डागांव।** संविधान दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट नूपुर राशि पन्ना ने सभी अधिकारियों–कर्मचारियों के साथ मिलकर भारत के संविधान की उद्देशिका का भावपूर्ण सामूहिक वाचन कराया।

कलेक्टर ने सभी को संविधान की उद्देशिका पढ़वाई और कहा कि 26 नवंबर 1949 को इसी दिन संविधान सभा ने संविधान को अंगीकृत किया था। यह दिन हमें बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और संवैधानिक मूल्यों को जीवन में उतारने का अवसर देता है।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में जिला पंचायत अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे सभाकक्ष में हम भारत के लोग की गूंज सुनाई दी। जिला कार्यालय के अलावा जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों, स्कूलों और पंचायतों में भी संविधान की उद्देशिका का वाचन हुआ। कलेक्टर ने सभी से संकल्प दिलाया कि हम संविधान के हर अक्षर का सम्मान करेंगे और उसे चरितार्थ करेंगे।

## आदेश्वर पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस पर लगा विधिक साक्षरता शिविर



**कोण्डागांव।** संविधान दिवस के पावन अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव ने आदेश्वर पब्लिक स्कूल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष किरण चतुर्वेदी एवं सचिव गायत्री साय के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने बच्चों को समानता, स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध अधिकार सहित सभी मौलिक अधिकार और कर्तव्य विस्तार से समझाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गरीबों–वंचितों को दी जाने वाली मुफ्त कानूनी मदद, आवेदन की प्रक्रिया और हेल्पलाइन नंबर की भी जानकारी दी।

**बाल अधिकार, बाल विवाह जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी गंभीर चर्चा :** शिविर में बाल अधिकार, बाल विवाह रोकने के कानूनी प्रावधान और समाज के कमजोर वर्गों के लिए उपलब्ध विशेष सुरक्षा योजनाओं पर खुलकर बातचीत हुई। बच्चों ने कई सवाल पूछे और तुरंत जवाब पाए।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में शाला प्राचार्य सोनाली पाण्डे, पैरालीगल वालंटियर रंजन बैध एवं लोकेश यादव सहित सभी शिक्षक–छात्र उपस्थित रहे। बच्चों ने एक स्वर में कहा अब हमें पता है कि कानून हमारा दोस्त है और जरूरत पड़ने पर मुफ्त में मदद मिल सकती है जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने घोषणा की।

## पीढ़ापाल पंचायत में धूमधाम से मना संविधान दिवस

**कोण्डागांव।** विकासखंड बड़ेराजपुर की ग्राम पंचायत पीढ़ापाल में संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। सरपंच प्रतिनिधि मन्नूराम शोरी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा, 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान सभा ने संविधान को स्वीकार किया था और 26 जनवरी 1950 को इसे पूरे देश में लागू किया गया। तभी से हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं। संविधान हमारा सबसे बड़ा अधिकार और कर्तव्य दोनों है।

कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी और संविधान के मूल्यों का पालन करने तथा देश की एकता–अखंडता बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि मन्नूराम शोरी, सचिव रैनूराम मरकाम, उपसरपंच सहादेव मरकाम, रोजगार सहायक कुमारी नेताम, वार्ड पंच पंचूराम मरकाम, अनित मरकाम, अमर मंडावी, चौनूराम मरकाम सहित ग्राम पंचायत के सभी सदस्य एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गांजा तस्करी पर करारा प्रहार, 5 आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस ने 8.5 किलो अवैध गांजा बरामद करते हुए 05 तस्करों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। 3 प्रकरण अवैध शराब बिक्री के 6 प्रकरण सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के कुल 9 मामले दर्ज कर भारी मात्र में शराब जब्त की गई।

यातायात शाखा ने बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, ओवरलोडिंग सहित विभिन्न उल्लंघनों पर 147 प्रकरण बनाए और शमन शुल्क वसूला। सड़क सुरक्षा और अनुशासन को मजबूत करने का अभियान जारी। अपराधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस ने 300 से ज्यादा किरायेदारों का वेरीफिकेशन पूरा किया। साथ ही बस स्टैंड, बाजार और संदिग्ध स्थानों पर घूम रहे मुसाफिरों की गहन जांच की गई।



**अपराधियों में दहशत, आमजन में सुरक्षा का भाव :** लगातार हो रही त्वरित कार्रवाइयों से जिले में कानून–व्यवस्था मजबूत हुई है। अपराधी खौफ में, आम नागरिकों में विश्वास बढ़ा है।

**एसपी का संदेश : आपकी सूचना, हमारी त्वरित कार्रवाई :** पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने कहा ये कार्रवाइयाँ अपराधमुक्त और नशामुक्त कोण्डागाँव बनाने की दिशा में ठोस कदम हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या 112 पर दें। जनता का सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

## 26/11 को मुंबई में आतंकी हमले में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**फरसगांव।** मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए हमले में आतंकवादियों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को बुधवार की शाम 6:30 बजे फरसगांव नगर के जनपद स्कूल मैदान में लोगों ने कार्यक्रम आयोजित कर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धंजली अर्पित किया। 17 साल पहले आज ही के दिन 26 नवम्बर 2008 में मुंबई में आतंकवादियों के हमले से पुलिस जवान शहीद कुल 166 लोग मारे गए । उन शहीदों के आज पूरा भारत देश श्रद्धांजलि दे रहे है । वही आज 26 नवम्बर बुधवार की शाम फरसगांव नगर के जनपद स्कूल मैदान में उम्मींद सामाजिक संस्था, पुलिस के जवानों सहित नगर वासियों को मोमबत्ती जलाकर मौन धारण कर श्रद्धंजलि अर्पित की गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, सीएमओ मयंक बसंतवानी, माकड़ी थाना प्रभारी विकास बघेल, पार्षद संगीता राव, फिरोज मेमन, डिक्की जायसवाल, भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव, हेमराज भारद्वाज, कमलेश यादव, लकेश सेठिया, प्रेम पांडे, फरसगांव थाना पुलिस के जवान सहित नगरवासियों और राहगीरों ने श्रद्धंजलि अर्पित किए ।



## 'हेलमेट बैंक', अब पंचायत से लेकर पहनेंगे हेलमेट

**कोण्डागांव।** जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने अनोखी पहल शुरू की है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के किनारे सबसे ज्यादा दुर्घटना वाले गांवों में हेलमेट बैंक शुरू किया गया है। अब जिसके पास हेलमेट नहीं है, वह ग्राम पंचायत से हेलमेट लेकर यात्र कर सकता है और वापसी पर जमा कर देगा ताकि दूसरा व्यक्ति भी इस्तेमाल कर सके। जनपद पंचायत फरसगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत मांझीआठगांव और लंजोड़ा में हेलमेट बैंक का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मानकु राम नेताम, जनपद सदस्य विजय मरकाम, श्रीमती लीलावती नेताम, दोनों गांवों के सरपंच–पंच और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। जिन्दगी का सफर सुरक्षित रखें, हेलमेट जरूर पहनें जिला प्रशासन का संदेश साफ है हेलमेट न होने की वजह से अब किसी की जान नहीं जाएगी। ग्राम पंचायत में हमेशा हेलमेट उपलब्ध रहेंगे। ले जाओ इस्तेमाल करो वापस जमा कर दो। एनएच–30 के हाई–रिस्क गांवों में शुरू हुई पहल। प्रथम चरण में उन ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है जहां पिछले कुछ वर्षों में सबसे ज्यादा सड़क हादसे हुए हैं। आने वाले दिनों में अन्य पंचायतों में भी हेलमेट बैंक शुरू किए जाएंगे।

## पेज 9 के शेष

### निर्वाचन आयोग की...

संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मजबूत तैयारी करने का आव्हान किया।

### दो सगे भाइयों...

की गई। इस शिकायत पर पुलिस ने राखी ठाकुर और विश्वजीत सिंह ठाकुर के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 324(4), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### भतीजे को गाली...

मारपीट करने लगे। हंगामे की आवाज सुनकर श्याम कुमार का बेटा करण साहू भी मौके पर आया और उसने पिता व माता को बचाने की कोशिश की। लेकिन बिरेन्द्र और पूनम ने उस पर भी गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से हमला किया। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि मारपीट के दौरान बिरेन्द्र धमकी दे रहा था कि तीनों को जान से मार देंगे, रोज-रोज का विवाद खत्म हो जाएगा। पीड़ित श्याम कुमार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बिरेन्द्र साहू, पूनम साहू और रोशनी साहू के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### शराब दुकान के...

के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और मामले की विवेचना कर रही है।

### पीएम आवासों का...

प्रगति रथ को हर ग्राम में पहुँचाकर अपूर्ण आवासों की वास्तविक स्थिति का आकलन करते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आवास पूर्ण होने के बाद ही अगली किस्त जारी होगी, इसलिए हर हितग्राही के घर को योग्य गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा कराया जाए। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि सरपंच व सचिव स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि लाभार्थी निर्धारित डिजाइन एवं मानकों का पालन कर रहे हैं। आवास मित्र व रोजगार सहायक को भी प्रगति की नियमित रिपोर्ट जनपद को प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी दी गई। अंत में सीईओ मंडावी ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे योजना के लक्ष्य को पूरा करने के लिए मिलकर कार्य करें, ताकि हर पात्र परिवार को जल्द से जल्द पक्का मकान मिल सके।

आयोजित बैठक में जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सीईओ सुरेश बंजारे, एडीशनल सीईओ आरडी ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी आशीष सोनकर, पंचायत निरीक्षक आरके किशोरे, तकनीकी सहायक एवं सहायक अभियंता सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### गलत संगत से...

शिव महापुराण कथा 26 नवंबर से प्रारंभ हुई, जो 2 दिसंबर तक चलेगी। कथा के प्रथम दिवस पंडित प्रदीप मिश्रा ने शिव आराधना और आस्था के महत्व को समझाते हुए कहा कि सुबह का किया गया प्रार्थना और शाम की गई आराधना कभी व्यर्थ नहीं जाती। एक लोटा जल भी जीवन की बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान कर देता है। उन्होंने बताया कि ईश्वर को पाने के लिए लोग दिशाओं में भटकते रहते हैं, जबकि बाबा स्वयं भक्तों के बहुत निकट रहते हैं। बस मन से सच्चे भाव से पुकारने की आवश्यकता है। उन्होंने संत रविदास की कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भक्ति सच्चे मन से की जाती है, तो मां गंगा भी कटौती में प्रकट होकर प्यासे भक्त की प्यास बुझाने पहुंच जाती हैं। बुरे समय में अपनों के बदल जाने पर उन्होंने कहा कि ऐसे वक्त में धैर्य रखना चाहिए और बाबा को एक लोटा जल अर्पित कर उनके चरणों में निवेदन करें। निश्चित ही जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और रास्ते स्वयं बन जाते हैं। सनातन धर्म को बचाने और उसकी संस्कृति को जीवित रखने के लिए हम सभी का एकजुट रहना आवश्यक है।

### टूराखार की रीना...

की सभी महिलाओं और छात्राओं को संदेश देना चाहती हूँ कि वे कभी हार न मानें और लक्ष्य पर केंद्रित रहें। निरंतर प्रयास से सफलता अवश्य मिलती है। उनकी यह उपलब्धि पूरे कांकेर जिले के लिए गर्व का विषय बन गई है और वह क्षेत्र की युवतियों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण हैं।

## छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियम और अपराध नियंत्रण संबंधी दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



शाउमा विद्यालय सरोना में थाना सरोना के उप निरीक्षक केजू राम रावत तथा उनकी टीम के द्वारा छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों, अपराध नियंत्रण, सुरक्षा उपायों तथा साइबर क्राइम से बचाव जैसी महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी देना था।

उप निरीक्षक रावत ने बढ़ते सड़क हादसों और यातायात उल्लंघनों पर चिंता व्यक्त करते हुए छात्रों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व, सड़क पार करते समय सावधानियों, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने तथा चिन्हित मार्गों का पालन करने जैसे अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण जागरूकता की कमी है, इसलिए कम उम्र से ही यातायात नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। अपराध जागरूकता के विषय में उन्होंने बच्चों को ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर बुलिंग, नशे के दुष्परिणाम, छेड़छाड़, अनुशासनहीनता तथा गलत संगत से दूर रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में सही दिशा और अनुशासन ही भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बनाता है। किसी भी मुश्किल परिस्थिति में पुलिस की मदद लेने और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी छात्रों को दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य एसपी नेताम ने पुलिस विभाग के इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में जागरूकता बढ़ाते हैं तथा समाज में सुरक्षित वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उप निरीक्षक रावत तथा उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने भी कई प्रश्न पूछे जिनका समाधान पुलिस टीम द्वारा सरल और सहज भाषा में किया गया।

## जिला साहू समाज के अध्यक्ष बंशीलाल ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 88 वोटों से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला साहू संघ का चुनाव विगत दिनों साहू सदन में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। साहू सदन में जिला साहू समाज के जिलाध्यक्ष, पुरुष उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष, पुरुष संगठन, महिला संगठन और सचिव का चुनाव हुआ, जिसमें दो पैनल थे। चुनाव में कुल 587 मतदाता थे, जिसमें से 528 ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान प्रक्रिया सुबह 9 बजे शुरू होकर दोपहर 3 बजे तक चली। मतों की गिनती 5 से 6 बजे तक चली और परिणाम की घोषणा की गई।

जिला साहू समाज के अध्यक्ष पद के लिए बंशीलाल और लक्ष्मीकांत साहू के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें बंशीलाल साहू को 305 वोट मिले और उनके प्रतिद्वंद्वी लक्ष्मीकांत साहू को 217 वोट मिले। बंशीलाल साहू ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 88 वोटों से हराया। लक्ष्मीकांत साहू वर्तमान में जिलाध्यक्ष थे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बंशीलाल सेलेसगाँव के निवासी हैं और एक सेवानिवृत्त व्याख्याता हैं। उनके समर्थकों ने उनका फूलों की माला और मिठाई खिलाकर स्वागत किया और अध्यक्ष बनने के बाद उन्हें उनके पैतृक गाँव सेलेसगाँव तक पहुँचाया। गाँव के प्रवेश द्वार पर पहुँचने के बाद गाँव के सामाजिक, महिला और पुरुष सदस्यों ने गाजे-बाजे के साथ गाँव में उनका स्वागत किया। उपाध्यक्ष पद के लिए संतू सार्वा और परमानंद साहू के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें कोटेला निवासी संतूराम सार्वा को 262 वोट मिले और उनके प्रतिद्वंद्वी परमानंद साहू को 260 वोट मिले। संतू ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 2 वोटों से हराया। उपाध्यक्ष के लिए नीरा साहू और शारदा साहू के बीच मुकाबला हुआ। गाँव दशपुर की नीरा साहू को 266 वोट मिले, जबकि प्रतिद्वंद्वी शारदा साहू को 257 वोट मिले। नीरा साहू ने प्रतिद्वंद्वी को 9 वोटों से हराया। संगठन सचिव पद के लिए बोधन लाल साहू और नंदकुमार अठभैया प्रत्याशी थे, जिसमें बोधन साहू को 283 वोट मिले और नंदकुमार अठभैया को 237 वोट मिले। बोधन साहू ने नंदकुमार अठभैया को 46 वोटों से हराया। महिला संगठन सचिव प्रियंका सार्वा निर्विरोध निर्वाचित हुईं। चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में सहायक निर्वाचन अधिकारी गोविंद सार्वा, शिवप्रसाद साहू और मतदान अधिकारी दिनेश कुमार साहू, दुर्गेश्वर, सोमेश, उमाशंकर, राजेश साहू, भुवनेश्वर, चमन साहू, प्रकाश साहू, प्रदीप साहू, तामेश्वर, अखिलेश गंजिर ने योगदान दिया।

## खबर संक्षेप

### कन्या शिक्षा परिसर में संविधान के उद्देशिका का वाचन



**भोण्ड।** विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में 26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के उद्देशिका का समस्त छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से वाचन किया गया। आज संविधान के महत्व, संविधान के उद्देश्य एवं नागरिकों के कर्तव्य को रेखांकित करते हुवे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ए आर नोन्हारे एवं सभी शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहे।

### एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक में मना संविधान दिवस



**गीदम।** एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा में संविधान दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस इकाई के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्थान के प्राचार्य, समस्त स्टाफ सदस्य तथा छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इससे सभी में देशभक्ति, संवैधानिक मूल्यों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का संदेश प्रसारित हुआ। सीएसवीटीयू भिलाई के निर्देशानुसार सभी प्रतिभागियों ने माई जीओवी पोर्टल पर उपलब्ध संविधान दिवस ऑनलाइन क्विज़ में सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक क्विज़ में हिस्सा लेकर संविधान से जुड़े सभी पहलुओं को समझने और जानने का संकल्प लिया।

# संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बीजापुर जिला कार्यालय में आज एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

■ अधिकारी कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से संविधान के उद्देशिका का किया वाचन

कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना एवं उद्देशिका के सामूहिक वाचन से हुई। अपर कलेक्टर ने स्वयं प्रस्तावना का वाचन किया और सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक आदर्शों एवं नागरिक कर्तव्यों के पालन के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में अग्रवाल ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है। प्रस्तावना हमें न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के मूल्यों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देती है। प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी का दायित्व है कि वे अपने कार्यों और व्यवहार में संविधान के सिद्धांतों को सर्वोपरि रखें। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी अपने विचार साझा किए और संविधान के प्रति निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशील प्रशासन प्रदान करने का संकल्प लिया। समारोह का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ। जिला कार्यालय में आयोजित यह कार्यक्रम संविधान के प्रति प्रतिबद्धता और संवैधानिक मूल्यों के संकल्प को पुनः मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।

## पंचायतों में मना संविधान दिवस



संविधान दिवस के अवसर जिला पंचायत सहित जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं ग्राम पंचायतों एवं अमृत सरोवर स्थलों में भी इस अवसर को विशेष रूप से मनाते हुए संविधान में प्रदत्त मूल अधिकारों एवं कर्तव्यों पर चर्चा की गई। अमृत सरोवर स्थल पर ग्रामीणों द्वारा जल संरक्षण जल संवर्धन की शपथ ली गई। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में जिले के सभी ग्राम पंचायतों एवं अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया साथ ही जल संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। जिला पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में उप संचालक पंचायत हिमांशु साहू, लेखाधिकारी वेद प्रकाश नागेश, एपीओ मनीष सोनवानी, करारोपण अधिकारी ख़ेम लाल दाता, जिला समन्वयक अमृत दास साहू सहित जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कूलों के आकस्मिक निरीक्षण में खुली पोल

# शिक्षक गायब, थमाई गई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार







कुआकोंडा ब्लॉक की जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति की अध्यक्ष दीपिका सुमित भदौरिया ने मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक और मिडिल स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान शिक्षा व्यवस्था की हकीकत सामने आई, जिसमें कई शिक्षक ड्यूटी के समय स्कूल में अनुपस्थित मिले, वहीं एक शिक्षक नमाज अदा करते हुए देखे गए। 5 स्कूलों के निरीक्षण में 3 शिक्षक बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए, जिससे विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होती दिखी। अध्यक्ष जब एबीओ मनोज राठौर के साथ कुआकोंडा ब्लॉक के मिडिल और प्राथमिक विद्यालयों में पहुंचीं, तो कई अनियमितताएं सामने आईं। एक विद्यालय में 4 शिक्षकों में से सिर्फ एक शिक्षक कक्षा में पढ़ाते मिले, जबकि जिया उल्लाह खान नामक शिक्षक निरीक्षण के दौरान नमाज अदा करते दिखे। शेष दो शिक्षक संस्था से गैरहाज़िर पाए गए। इसी तरह माहराहौरनार प्राथमिक शाला में भी तीन में से एक शिक्षक बिना अवकाश आवेदन के गायब मिला। टिकनपाल भट्टीपारा प्राइमरी स्कूल और कलेपाल माध्यमिक शाला में भी शिक्षा की स्थिति और शिक्षण व्यवस्था की समीक्षा की गई।

■ जनपद उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने जताई सख्ती

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने बच्चों से पढ़ाई से संबंधित सवाल पूछकर शिक्षा की वास्तविक गुणवत्ता परखने की कोशिश की। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई और विद्यालयों में साफ-सफाई एवं सुविधाओं की स्थिति भी देखी गई। कुछ स्कूलों में शौचालय जर्जर स्थिति में पाए गए, जिन्हें जल्द निर्माण कराने शिक्षा विभाग को पत्राचार कर सुधारने का आश्वासन दिया गया।

उन्होंने सभी शिक्षकों को समय पर स्कूल पहुंचने और विषयवार नियमित पढ़ाई कराने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण में अनुपस्थित मिले शिक्षकों को खंड शिक्षा कार्यालय द्वारा शोकाज नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सुमित भदौरिया भी उपस्थित रहे।

यह निरीक्षण अभियान विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था सुधारने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें: कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल



शहीद हरचंद नाइक शासकीय महाविद्यालय, तोकापाल में आज संविधान दिवस अत्यंत गरिमा, उत्साह और सम्मानपूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक प्राध्यापक श्रवण कुमार नेताम द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं अतिथियों के अभिनंदन से हुई। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टीआर रात्रे ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र शंकर सिंह कश्यप के उद्बोधन से हुई। उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संघर्षों, उनके दूरदर्शी विचारों और भारतीय संविधान निर्माण में उनके योगदान का संक्षिप्त किंतु सारगर्भित विवरण प्रस्तुत किया। कश्यप ने बताया कि डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक समानता और न्याय की स्थापना के लिए जीवनभर कार्य किया और शिक्षा तथा तर्कशीलता को समाज परिवर्तन का आधार माना। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे संविधान और डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय को जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम के मुख्य सत्र में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका मंजुश्री चेरपा ने संविधान के दार्शनिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान केवल कानूनों का संग्रह नहीं, बल्कि एक जीवंत और गतिशील दस्तावेज है, जो विविधताओं से भरे भारतीय समाज को एक सूत्र में बांधता है। उन्होंने छात्रों को समझाया कि मौलिक अधिकारों का अर्थ केवल अधिकार प्राप्त करना नहीं, बल्कि उनके प्रति सजग, जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनना भी है।

इसके पश्चात वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार सेठिया ने संविधान की निर्माण प्रक्रिया, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं इसकी विशेषताओं पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि भाषाई, सांस्कृतिक और पारंपरिक विविधताओं से भरे भारत जैसे विशाल देश के लिए संविधान का निर्माण अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य था, किंतु संविधान निर्माताओं की अद्भुत दूरदृष्टि, समावेशिता और राष्ट्रीय भावना ने इसे संभव बनाया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में संविधान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्कशीलता और सामाजिक समरसता को प्रोत्साहित करता है।

# छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी





एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय ईएमआरएस बेसोली के कक्षा 9 और 11 के छात्रों ने आज विद्यालय परिसर में मॉडल युवा ग्राम सभा नाटक का शानदार मंचन कर अपनी प्रतिभा और नागरिक समझ का परिचय दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन समाज विज्ञान के शिक्षकों अन्सलम एक्का टीजीटी, एसएसटी और अभिषेक सिहं टीजीटी, एसएसटी के मार्गदर्शन और निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में जमीनी स्तर के लोकतंत्र व ग्राम स्तरीय शासन व्यवस्था की समझ विकसित करना था। नाटक में ग्राम सभा की कार्यवाही को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्थानीय समस्याओं, विकास योजनाओं और लोकतांत्रिक निर्णय लेने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष ध्यान केन्द्रीत किया गया। स्थानीय ग्राम पंचायत के सदस्य इस अवसर पर विशेष अतिथी के रूप में उपस्थित रहे और नाटक की प्रस्तुति के बाद छात्रों के साथ संवाद सत्र में भी भाग लिया। उनकी उपस्थिति से कार्यक्रम को वास्तविक अनुभव और सामाजिक जुड़ाव की गहराई मिली। पंचायत सदस्यों ने छात्रों के आत्मविश्वास, अभिनय कौशल और शासन व्यवस्था की गहरी समझ के लिए उनकी सराहना की।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सरोज कुमार मरकाम ने अपने संबोधन में शिक्षकों और विद्यालय स्टाफ के समर्पण तथा सहयोग की प्रशंसा की और छात्रों को समुदाय के निर्माण में सक्रिय एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## किसी का नाम न छुटे रखे विशेष ध्यान : रेखचंद

**दंतेवाड़ा।** जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा में जिले में चल रहे एसआईआर को लेकर एसआईआर के लोकसभा प्रभारी रेखचंद जैन की अध्यक्षता में बैठक रखी गई। जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम ने समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी, मंडल अध्यक्षों को एसआईआर के तहत अपने-अपने ब्लॉक के सभी बूथ पर बीएलओ के द्वारा फार्म लिया जा रहा है। उसमें पूरा मतदाताओं को सहयोग करना है। किसी का नाम छूटने ना पाए इसके लिए पार्टी के बीएलओ को सतत सहयोग करना है। ब्लॉक प्रभारी भी लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। लोकसभा प्रभारी रेखचंद जैन ने कहा कि बीजेपी सरकार में है ये बीएलओ पर दबाओ बनाएंगे आपको अपने-अपने बूथ में डटे रहना है किसी का नाम ना छुटे ये हमको विशेष ध्यान देना है।

# ग्रामीणों को स्वच्छता व स्वास्थ्य के संबंध में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड





मां गंगादई शासकीय महाविद्यालय बस्तर में छात्रों का राष्ट्रीय सेवा योजना पर 7 दिवसीय विशेष शिविर लगा।

ग्राम भाटपाल में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजीवन कुमार के तत्वाधान एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. भावेश कुमार नेताम के मार्गदर्शन तथा जिला संगठक मौसमी विश्वास के दिशा-निर्देश पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रघुनंदन भूआर्य द्वारा भाटपाल में 7 दिवसीय विशेष ग्राम-सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्राम विकास एवं जन-जागरूकता से संबंधित विभिन्न सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत भवन परिसर, बैठक कक्ष एवं मुख्य द्वार के आसपास साफ-सफाई कर ग्रामीण प्रशासनिक केंद्र को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया। स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम के सार्वजनिक वॉशरूम की व्यापक सफाई की गई तथा ग्रामीणों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के संबंध में जागरूक किया गया। ग्राम के मुख्य चौक में झाड़ू लगाकर, कचरा निस्तारण कर एवं जल निकासी मार्ग साफ करते हुए ग्रामीण परिवेश को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया गया। स्वास्थ्य केंद्र के आस-पास झाड़ियां हटाई गईं, कचरा उठाया गया एवं मरीजों और स्टाफ के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया गया। स्वयंसेवकों ने अस्पताल परिसर एवं सार्वजनिक शौचालयों की गहन सफाई कर स्वच्छता के उच्च मानकों को स्थापित किया, जो ग्रामवासियों द्वारा सराहा गया। ग्राम के सांस्कृतिक मंच एवं आसपास के क्षेत्र को व्यवस्थित रूप से साफ कर आगामी सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए उपयुक्त वातावरण निर्मित किया

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग तेज, प्रदेश शिक्षक संघ लामबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय निर्देशानुसार 1998–99 एलवी संवर्ग के शिक्षक मंगलवार को आयुक्त बस्तर संभाग कार्यालय पहुंचे और मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम मांगपत्र सौंपा। यह मांगपत्र वित्त सचिव और शिक्षा सचिव को भी संबोधित किया गया था।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी,प्रदेश महासचिव डेसनाथ पांडे और संभागीय अध्यक्ष अमलेस ठाकुर के नेतृत्व में उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि वर्ष 1998–99 में प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेशों के आधार पर उन्हें नियमित तथा पेंशन योग्य पदों पर नियुक्त किया गया था। इसके साथ ही 14 मई 1999 को मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा पेंशन उपादान योजना लागू करने के लिए विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। शिक्षकों ने मांगपत्र में उल्लेख किया कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद 2001 में उनका नियोजन पंचायत विभाग में कर दिया गया, जबकि उसी अवधि में मध्यप्रदेश सरकार ने स्कूलों को पुनः शिक्षा विभाग में वापस लेने का आदेश जारी किया था। शिक्षकों ने पूछा कि जब अन्य कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से सेवा-गणना कर पुरानी पेंशन का लाभ दिया गया, तो 1998–99 एलवी संवर्ग को ही क्यों वंचित रखा गया।

मांगपत्र में यह भी कहा गया कि 2004 के पूर्व नियुक्त सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन अनिवार्य रूप से देय है, भले ही उनका नियमितीकरण बाद में हुआ हो। लेकिन 1998–99 संवर्ग के शिक्षकों को 2018 से नियमित माना गया, जिससे वे आज भी पेंशन व अन्य सकल लाभों से वंचित हैं।

संघ ने चेतावनी दी कि कई सेवानिवृत्त शिक्षक कठिन आर्थिक परिस्थिति में हैं,इसलिए यदि शासन ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो बाध्य होकर आंदोलन किया जाएगा। मांगपत्र सौंपने वालों में चन्द्रभूषण ठाकुर,मीरा ठाकुर, माया वैद्य सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

## किरंदुल परियोजना में संविधान दिवस पर उद्देशिका का पठन



**किरन्दुल।** भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर प्रशासनिक भवन के प्रांगण में परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक, किरंदुल कॉम्प्लेक्स ने अधिकारियों, कर्मचारियों को भारतीय संविधान उद्देशिका का पठन करवाया। इस अवसर पर सर्वश्री केपी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, एस.गुहा, उप महाप्रबंधक वित्त, केएल नागवेणी, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन, विनोद कश्यप, अध्यक्ष, एके सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन, एस.चिकाटे, उप महाप्रबंधक सीएंडआईटी सहित विभागाध्यक्ष व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# अधिकारी ने गणना पत्रक संग्रहण कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावण्ड

बकावंड ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत मैलबेड़ा में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में चल रहे गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण 2025-26 के तहत उप जिला निर्वाचन अधिकारी बस्तर ने आज और मैलबेड़ा ग्राम पंचायत क्षेत्रों का मैदानी निरीक्षण किया। यह दौरा कलेक्टर हरीस एस. के मार्गदर्शन में किया गया, जिसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे, गणना पत्रक संग्रहण तथा डिजिटाइजेशन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। दौरे के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्येक बीएलओ से गृह-गणना से संबंधित प्रपत्रों की शत-प्रतिशत जानकारी संग्रह, फॉर्म की शुद्धता, और जमीनी स्तर पर किए गए सर्वे के वास्तविक डेटा के बीच सामंजस्य सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि गणना पत्रक में किया गया कोई भी त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि भविष्य में मतदाता सूची की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है, इसलिए बीएलओ प्रत्येक घर की जानकारी को सावधानीपूर्वक, सत्यापित और स्पष्ट रूप से दर्ज करें।

अधिकारी ने डिजिटाइजेशन प्रक्रिया का भी स्थल पर अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि फील्ड सर्वे के बाद सभी प्रविष्टियाँ समयबद्ध तरीके से ऑनलाइन पोर्टल में अपलोड की जाएँ, ताकि किसी भी प्रकार का बैकलॉग न बने। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्यों में समय-सीमा का पालन अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

# बालूद धान खरीदी केंद्र में किसान संभूनाथ ने बेचा 80 क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले के धान खरीदी केन्द्रों में कृषकों द्वारा धान लाने का सिलसिला जोर पकड़ रहा है। इस क्रम में ग्राम पंचायत बालूद के धान खरीदी केंद्र में भी कृषकों की भीड़ देखने को मिल इन्ही में से कृषक सम्भूनाथ सेठिया भी थे। उनसे चर्चा करने पर उन्होंने बताया किय उनके द्वारा 80 क्विंटल धान किस्म 1001 मोटा धान हेतु टोकन लेम्पस कटवाया गया।

वे बताते है कि उनकी लगभग 5 एकड़ की खेती है जिसमें उन्होंने मोटा धान लगाया है। धान उपार्जन केन्द्रों में प्रशासन द्वारा पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने से उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। टोकन समय पर मिला, तुलाई सुचारू रूप से हुई और पूरा कार्य पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। उन्होंने सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही धान खरीदी की व्यवस्था और सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले साल की भांति इस बार भी धान खरीदी प्रक्रिया सरल, व्यवस्थित और किसानों के अनुकूल है। इस क्रम में धान खरीदी केन्द्र के प्रबंधक लाकेश टंडन ने बताया कि उपरोक्त केन्द्र के अन्तर्गत 12 गांव आते है यहां पिछले वर्ष 31 हजार 4 सौ क्विंटल धान खरीदी की गई थी।

# विकास सूचकांकों के बेहतरी के लिए चुनौतियों को पहचान कर उसके निराकरण को लक्षित करें: तरुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा





आज कलेक्टरेट के सभाकक्ष में आकांक्षी जिला कार्यक्रम तथा उसके विकास सूचकांक के तहत जिले की प्रगति की समीक्षा नीति आयोग द्वारा नियुक्त केंद्रीय प्रभारी अधिकारी तरुण कुमार पिथोड़े द्वारा की गई। बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने दंतेवाड़ा की विकास यात्रा और अब तक प्राप्त हुई प्रमुख उपलब्धियों पर विस्तृत प्रस्तुति देते हुए बताया कि जनजातीय बहुल एवं भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण यह जिला आज तेजी से प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, आजीविका एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में हुए सकारात्मक परिवर्तनों का सीधा लाभ आम जनता को मिला है।

■ शिक्षा व कृषि सूचकांकों में जिले की रेटिंग को बेहतर बनाने दिए निर्देश

कलेक्टर ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने के परिणामस्वरूप 75 प्रतिशत संकेतकों में सुधार दर्ज हुआ है। कुपोषण में गिरावट आई है और दूरस्थ अंचलों तक मोबाइल मेडिकल वैन एवं टेलीमेडिसिन सेवाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाई जा रही हैं। शिक्षा क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सफलता मिली है, जहां नामांकन में 18 प्रतिशत वृद्धि के साथ ड्रॉपआउट दर में कमी आई है। पढ़ाई का कोना, बाल मित्र और नई स्थापित पुस्तकालयों ने बच्चों के सीखने के वातावरण को समृद्ध किया है। कृषि के क्षेत्र में दंतेवाड़ा ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित की है, जहाँ 110 गाँवों को जैविक खेती प्रमाणन प्राप्त हुआ है। जल संरक्षण, सूक्ष्म सिंचाई एवं किसान पाठशाला जैसी पहलों ने किसानों की उत्पादकता और आय में वृद्धि सुनिश्चित की है। जिले में सड़क संपर्क और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ-साथ विभिन्न आजीविका कार्यक्रमों ने ग्रामीण परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन उपलब्धियों के आधार पर संपूर्णता अभियान में दंतेवाड़ा ने 6 में से 5 लक्ष्य हासिल करते हुए नीति आयोग का सिल्वर मेडल अर्जित किया है, जो जिले की मेहनत और प्रगतिशील कार्य पद्धति का प्रमाण है। समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय प्रभारी अधिकारी तरुण कुमार पिथोड़े ने दंतेवाड़ा की सराहना करते हुए कहा कि जिले ने चुनौतियों के बीच नवाचार और समुदाय-आधारित प्रयासों के माध्यम से अनुकरणीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रगति पूरे देश के लिए एक प्रेरक मॉडल है जो बताता है कि मजबूत इच्छाशक्ति और जनसहभागिता से कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दंतेवाड़ा आने वाले समय में आकांक्षी जिला ही नहीं बल्कि उत्कृष्ट जिला के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा तथा नीति आयोग हर संभव सहयोग जारी रखेगा ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## केवल वास्तविक किसानों का धान होगा मान्य

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस ने जारी दिशा-निर्देश में स्पष्ट किया है कि इस सीजन में बिचैलियों (कोचिया) की भूमिका को प्रभावी ढंग से समाप्त करने के लिए उच्चतम स्तर पर सतर्कता बनाए रखना आवश्यक है। कलेक्टर ने इस हेतु सबसे पहले गेट पास ऐप पर किसानों की तस्वीरें सख्ती से अपलोड करने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, जिस पर मंडी अधिकारियों और अन्य फील्ड स्टाफ द्वारा कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त राज्य भर में 10 एकड़ से अधिक भूमि वाले लगभग एक लाख बड़े किसानों को इस सीजन में तीन टोकन का विकल्प दिया गया है। अतः कलेक्टर ने समयबद्ध और केंद्रित सत्यापन अभियान चलाकर इनकी पात्रता की जांच करने का निर्देश दिया है।

## खबर संक्षेप

### ड्यूटी पर तैनात आरक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम कच्चे में पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा आयोजित शिवपुराण कथा कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात आरक्षक शिवनाथ भंडारी उम्र 26 वर्ष, निवासी सोनपुर की मौत हो गई। वह बस्तर फाइटर के जवान के रूप में नारायणपुर जिला से ड्यूटी के लिए भेजे गए थे। जानकारी के अनुसार जवान बीती रात भीरागांव स्थित कैंप में विश्राम कर रहा था। सुबह निर्धारित समय पर नहीं उठने पर साथियों ने उसे जगाने का प्रयास किया, पर कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर तुरंत उसे भानुप्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवान के पिता का नाम सुधेलाल भंडारी बताया गया है। घटना के बाद पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है, इसलिए मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक करीब तीन महीने पहले जवान के पेट सम्बंधित किसी समस्या के चलते उसकी सर्जरी हुई थी, और उस समय से वह पूरी तरह स्वस्थ नहीं था।



### शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पर 33 बीएलओ का होगा सम्मान

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के अद्यतन एवं शुद्धिकरण के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इसके तहत बीएलओ 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर के बीच मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं प्राप्त कर डिजिटाइजेशन का कार्य कर रहे हैं। इसी तारतम्य में जिले के शत-प्रतिशत मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त करके डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण करने वाले 33 बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ को 27 नवम्बर को सुबह 11 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, जिसमें अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 79 के 11 बीएलओ, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 80 के 14 बीएलओ तथा कांकेर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 81 के 08 बीएलओ जिन्होंने शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया है, उन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### दखनी मड़ई-मेले में आज राष्ट्रीय स्तर की प्रस्तुति

**सरोना।** सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम मुड़पार दखनी में आज गुरुवार 27 नवंबर को मेला मड़ई उत्सव का आयोजन विशेष आकर्षण के साथ होने जा रहा है। इस आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण प्रसिद्ध लोकगायिका पूनम तिवारी का लाइव कार्यक्रम होगा, जिसकी तैयारी गांव और आसपास के क्षेत्रों में कई दिनों से चल रही है। कांकेर जिले में पहली बार पूनम तिवारी की प्रस्तुति होने जा रही है, जिसके चलते स्थानीय लोगों में उत्साह चरम पर है। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है और सुरक्षा के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

दिवस

## जिले के 180 सरोवर स्थलों में किया गया आयोजन

# संविधान दिवस पर अमृत सरोवर स्थलों पर किया विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारत के संविधान को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किए जाने की ऐतिहासिक तिथि 26 नवंबर 1949 के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी संविधान दिवस 26 नवंबर को जिले में मनाया गया। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप जिले के सभी 180 अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना मनरेगा के तहत जिले में अब तक 180 अमृत सरोवर विकसित किए जा चुके हैं। ये अमृत सरोवर अब केवल जल संरक्षण के केंद्र नहीं रहे, बल्कि वृक्षारोपण, सिंचाई, कृषि आधारित सब्ज़ी उत्पादन और मत्स्य पालन जैसी आजीविका गतिविधियों को भी बढ़ावा दे रहे हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को संविधान के प्रति जागरूक करना और उनके अधिकारों व मौलिक कर्तव्यों का महत्व समझाना था। कार्यक्रमों की शुरुआत भारतीय संविधान की उद्देशिका प्रस्तावना के सामूहिक पाठ से हुई। इसके बाद उपस्थित ग्रामीणों ने एक प्रण जल संरक्षण की सामूहिक शपथ ली, जिसमें अमृत सरोवर की साफ-सफाई और उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। आजीविका और पर्यावरण संवर्धन कार्यक्रम में युवाओं, स्कूल और कॉलेज के छात्रों, मनरेगा श्रमिकों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं और आजीविका दीदियों की सक्रिय भागीदारी रही। मनरेगा के श्रमिकों व स्व-सहायता समूह के सदस्यों ने सरोवर स्थलों पर श्रमदान और साफ-सफाई की। इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय ग्रामीण, मनरेगा जॉब कार्डधारी और छात्रों को संविधान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्थलों पर गाद निकासी, पौधारोपण और स्वच्छता अभियान भी चलाए गए, जिसने एक प्रण जल संरक्षण टैगलाइन के महत्व को बल दिया। कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय, अमृत सरोवर उपयोगकर्ता समूह, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, आजीविका दीदियां और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





### संविधान उद्देशिका के सामूहिक वाचन से आएगी जागरूकता

**सरोना।** कोसरिया महार समाज क्षेत्र सरोना द्वारा नर्सरी पारा स्थित सामाजिक भवन में संविधान दिवस कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की उद्देशिका के सामूहिक वाचन से हुई। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान में समानता, बंधुत्व, न्याय तथा आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, स्वतंत्रता का अधिकार सुनिश्चित किया गया है। सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हैं और संविधान प्रत्येक व्यक्ति को न्यायपूर्ण समाज की गारंटी देता है। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि 26 नवंबर का दिन सभी वर्गों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है, इसलिए विभिन्न जाति-वर्ग के लोगों को एकजुट होकर संविधान द्वारा लिखित उद्देशिका का वाचन करना चाहिए। संविधान दिवस केवल औपचारिकता नहीं बल्कि नागरिक चेतना को मजबूत बनाने का अवसर है। कार्यक्रम में इस बात पर भी चिंता जताई गई कि सरोना क्षेत्र में संविधान और नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूकता का अभाव देखा जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि जब तक लोग संविधान का अध्ययन नहीं करेंगे, तब तक अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह जागरूक नहीं हो पाएंगे। कार्यक्रम में समाज के राजेश जामदार, रमेश नाग, नारद बघेल, गैत राम रामटेके, गोवर्धन रामटेके, पृथ्वी लाल रामटेके, उग्रसेन धामगे, भागवत कौशल, राकेश संदेशवाहक, मनोज निषाद, विश्वनाथ सिंहा, कमल ध्रुवा सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने संविधान के प्रति आदर प्रकट करते हुए समाज में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

### संविधान सिर्फ ग्रंथ नहीं, देश की आत्मा है : डॉ. रश्मि सिंह



**भानुप्रतापपुर।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में मंगलवार को संविधान दिवस उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की मूल भावना, महत्व, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। पूरे परिसर में छाए उत्साह ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह द्वारा उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया। प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने अपने उध्बोधन में भारतीय संविधान की विशेषताओं, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा नागरिक कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा भारत का संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि यह राष्ट्र की आत्मा, पहचान और नागरिक अधिकारों का संरक्षक है। उन्होंने युवाओं से संविधान की मूल भावना को व्यवहार में लाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। एनईपी संयोजक रितेश कुमार नाग ने संविधान को देश का सर्वोच्च मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि शिक्षा इसके क्रियान्वयन का प्रमुख आधार है और नई पीढ़ी को संवैधानिक आदर्शों को समझकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक मुकेश डहरवाल, योगेश यादव, डॉ. सूर्यकांत देवांगन, श्रीदाम ढाली, स्नेहा रितेश नाग, योगेश्वरी कोसमा, जीवन साहू, अनिल साहू, धनेश्वर बांधे, विवेक वर्मा, किशन गावड़े, सोहद्रा विश्वकर्मा, अश्वनी प्रधान, दिलीप रामटेके, प्रवीण ठाकुर, गिरधारी लाल सिन्हा, पूरन गोटी, नेमीचंद भुसाखरे, दीपक यादव सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस पर बनाई विद्यार्थियो ने मानव श्रृंखला



**कांकेर।** संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिदेसर में प्रस्तावना वाचन, शपथ ग्रहण, चित्रकला प्रतियोगिता एवं कविता पठन किया गया, जिसमें संविधान के प्रस्तावना, उद्देश्ययिका एवं महत्व को बताया गया। बच्चों ने मिलक मानव श्रृंखला बनाया गया एवं प्रतियोगिता में बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। चित्रकला में प्रथम स्थान पर प्रेरणा मानिकपुरी, द्वितीय स्थान भक्त कुमार, तृतीय स्थान शिवानी जैन कविता, पठान में प्रथम में वैष्णवी, द्वितीय सिमरन, तृतीय रानी रही। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य फरजाना शेखानी, प्रधान अध्यापिका शांति रंगारे, कुलेश्वर सिंह ठाकुर , कीर्ति सागर पटेल, गोपाल सिंह साहू, अनीता पांडेय, सुनीता उपाध्याय, मधुलिका कलिहारी, हेमलता जैन, सीमा चतुर्वेदी, रंजना वट्टी, दिव्या प्रभा साहू, कुम्पा देवी नायक, मनीता सलाम, गौरव कुमार, कौशल कुमार मंडावी, मोना दीवान व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### संविधान दिवस पर सेजेस दुधावा में हुईं सांस्कृतिक, साहित्यिक व खेल स्पर्धाएं



**दुधावा।** सेजेस दुधावा में 26 नवंबर को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विविध सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेल प्रतियोगिताओं का आकर्षक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ हुई, जिससे विद्यार्थियों को संविधान की मूल भावना और महत्ता से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भाषण, प्रश्न मंच, चित्रकला, निबंध लेखन, रंगोली एवं कविता वाचन में बेहतरीन प्रतिभा प्रदर्शित की और इसके साथ ही रस्सी खींचना, कुर्सी दौड़, स्लो साइकिल रेस, बोरा दौड़, चम्मच दौड़ व आलू दौड़ जैसी रोमांचक खेल प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम में बीआर मरकाम एवं कर्ण कुमार साहू उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य व समस्त स्टाफ ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य गोवर्धन रामटेके ने कहा कि भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि समानता, न्याय, स्वतंत्रता और भाईचारे के आदर्शों पर आधारित राष्ट्र की मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा संविधान हमें अधिकार देता है, लेकिन कर्तव्यों का पालन करना उतना ही आवश्यक है। अनुशासन, शिक्षा और सदाचार ही युवाओं को राष्ट्र की शक्ति बनाते हैं। विविधताओं में एकता ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा बाबा साहब ने ऐसा संविधान दिया, जिसमें हर व्यक्ति सम्मान के साथ आगे बढ़ सकता है। यदि युवा पीढ़ी संविधान के मूल्यों को जीवन में अपनाती है तो देश का भविष्य स्वर्णिम होगा। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधन ने आगे भी ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

### चाणक्यपुरी में मनाया गया संविधान



**पखांजुर।** ग्राम पंचायत चाणक्यपुरी में 26 नवंबर को भारत का संविधान दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। यह दिन देश के सर्वोच्च कानून, भारतीय संविधान को वर्ष 1949 में संविधान सभा द्वारा औपचारिक रूप से अपनाने की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना की याद दिलाता है। सरपंच ने कहा कि यह दिन हमें उन मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को याद दिलाता है, जिन पर हमारा राष्ट्र खड़ा है। नागरिकों से संविधान में निहित कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। सचिव ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और बताया कि कैसे 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के बाद भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना। गोपाल ब्रह्मचारी ने विशेष रूप से गांव के युवाओं को संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन संविधान के पालन और राष्ट्र सेवा के प्रति प्रतिबद्धता की सामूहिक शपथ के साथ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में किया गया। इस दौरान सरपंच सुभाष सिंह, सम्मेलाल बोन्डेकर, जवाहरलाल सरकार, अखिल दास, निरंजन दास सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

### अपूर्व विज्ञान मेला में केंद्रीय मंत्री नितिन के हाथों तीन पर्यावरण मित्रों का हुआ सम्मान

**कांकेर।** राष्ट्रभाषा भवन, उत्तर अंबाझरी मार्ग, रामदासपेठ नागपुर में 19 से 23 नवंबर तक आयोजित अपूर्व विज्ञान मेला 2025 में छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से पहुँचे तीन पर्यावरण मित्रों को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। कांकेर मुख्यालय से 10 किमी दूर स्थित सुदूर अंचल के प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे रोफरा ग्राम खमढोड़गी, ग्राम पंचायत कोकपुर के पर्यावरण प्रहरी बृजलाल मंडावी, प्रदीप मंडावी, किरण देव मंडावी को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अपने करकमलों से श्रीफल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सम्मानित युवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि गांवों में ऐसे जागरूक और समर्पित युवा ही देश के भविष्य को पर्यावरण सुरक्षित और मजबूत बना सकते हैं। इनके कार्य प्रेरणा देने वाले हैं। पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान इन तीनों पर्यावरण मित्रों को यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता बचाने, जल-स्रोतों के संरक्षण, वन विस्तार हेतु पौधारोपण एवं सीड बॉल गतिविधियाँ, ग्रामीण युवाओं में पर्यावरण जागरूकता, वन्य जीवों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में वर्षों से किए जा रहे निरंतर, निस्वार्थ एवं अनुकरणीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। रोफरा ग्राम खमढोड़गी में इनके नेतृत्व में चल रहा पर्यावरण अभियान आज पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक मॉडल बन गया है। ग्रामीणों ने इस सम्मान को गांव की सामूहिक मेहनत की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में देशभर से आए पर्यावरण कार्यकर्ताओं, विज्ञान शिक्षकों, शोधकर्ताओं और नवाचारकर्ताओं ने सम्मिलित होकर इस सम्मान को सराहा। यह सम्मान न केवल तीनों युवाओं की उपलब्धि है, बल्कि कांकेर जिला और छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव का क्षण है। इस अवसर पर मंच पर समाजवादी विचारक रघु ठाकुर कार्यक्रम अध्यक्ष, एआरडीबीएसई के सचिव सुरेश अग्रवाल, विज्ञान शिक्षाविद राजाराम शुक्ला, शिक्षाधिकारी साधना सयाम, पर्यावरण विशेषज्ञ सूर्यमणि भिवगड़े, वरिष्ठ समाजसेवी एबी खान उपस्थित रहे।



### प्रायोगिक परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी

**दुर्गुकोंदल।** कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल के बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 28 नवंबर से शुरू होगी। कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गूकोंदल के प्राचार्य डॉ. डीएल बढ़ाई ने बताया कि विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित जुलाई-दिसंबर 2025 सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा सत्र 2025-26 के लिए बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के परीक्षाओं का समय-सारीणी जारी कर दी गई है। निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक सामग्री के साथ प्रायोगिक परीक्षा में उपस्थित होंगे। किसी भी स्थिति में अनुपस्थित रहने पर द्वितीय अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

### कृविवि कुलपति ने कांकेर के किसानों के काम की सराहना की व किया सम्मानित



**कांकेर।** कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा सह आदान वितरण कार्यक्रम कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. गिरीश चंदेल के मुख्य आतिथ्य एवं निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. एसएस टुटेजा एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुरूद डॉ. नवनीत राणा के विशिष्ठ आतिथ्य में किया गया। कुलपति ने कहा कि वे कांकेर के किसानों के मध्य आकर अपने आप को गौरणवित महसूस कर रहे हैं। सीताफल, लाख उत्पादन, चिरईनखी चांवल एवं कोदो-कुटकी में कांकेर के किसानों की अलग पहचान है। कोदो-कुटकी के उत्पादन के साथ-साथ विपणन व्यवस्था पर कार्य करने निर्देशित किया। किसान ही हैं जो कि प्रधानमंत्री के 2047 तक भारतवर्ष को आत्म निर्भर बनने के स्वप्न को पूर्ण कर सकते हैं। खेती-किसानी से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल कृषि विज्ञान केन्द्र से सम्पर्क करें। प्रगतिशील कृषक हृदय राम शोरी ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र के सम्पर्क में आने के बाद हमने दलहनी फसल लेना प्रारम्भ किया। अब हमें कोई भी दाल खरीदने की आवश्यकता नहीं होती। जिले के किसानों की सोच बदलने में कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में अहम भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के अंत में कुलपति द्वारा जिले के प्रगतिशील किसान लकेश बाई, हृदय राम शोरी, महावीर उसेंडी, भुनेश नाग एवं बंशीलाल भास्कर को सम्मानित किया। दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मसूर के उन्नत किस्म कोटा मसूर 4 का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्राम के 83 कृषक सम्मिलित हुए।

## छूटे खसरों को जुड़वाने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही

# धान खरीदी केंद्रों के बजाए किसान तहसील और फुड कार्यालय का लगा रहे हैं चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रदेश में अव्यवस्थाओं बीच धान खरीदी शुरू हो गई है। किसान धान खरीदी केन्द्रों के बजाए तहसील, फुड कार्यालय के साथ लोकसेवा केन्द्रों के चक्कर लगाते परेशान हैं। इन समस्याओं के निदान के लिए किसानों का तहसील कार्यालय व फ़ुड कार्यलय में जमावड़ा लगा है। कब नम्बर आएगा और काम कब बन जाए कहा नहीं जा सकता। प्रदेश सरकार इस वर्ष से किसानों की समस्याओं के समाधान केलिए तहसील कार्यालय, फुड कार्यालय व लोकसेवा केन्द्रो को अधिकृत किया है। किसानों को छुटे हुए खसरा को जुड़वाने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। खसरा नंबर को जुड़वाने लोकसेवा केन्द्र में एग्री स्टेक करवानी पड़ती है। एग्री स्टेक के बाद संबंधित पटवारीयों से एप्रुवल करवाने निवेदन करना पड़ता है। एप्रुवल हो जाने के बाद तहसील कार्यालय में कैरी फारवर्ड करवाना पड़ता है। कैरी फारवर्ड हो जाने बाद अपने मोबाईल ऐप में देखने के लिए इंतजार करना पड़ता है। ग्राम आतुरगांव निवासी गणेश कुलदीप, उदय टांडिया, बिपत यादव फुड आफिस के बाहर परेशान खड़े हुए थे। किसानों ने बताया की हम लोगों का खसरा नंबर लंबीत होना बता रहा है, जिसे सुधारने आये थे। आपरेटर ने बताया की कल अंतिम तिथि थी और आज पासवर्ड बदल गया है, जिससे उक्त पोर्टल को खोला नहीं जा सकता है। जिला फ़ुड अधिकारी के आफिस के आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। तहसील कार्यालय कांकेर में ग्राम पंचायत मोदे के किसान समारु राम औरसा, बलीराम कांगे व धनश्याम कांगे ने बताया की सुबह 11 बजे से कैरी फारवर्ड करवाने आया था। 26 नवम्बर की सुबह 11 बजे से आया था, तो अभी तक सर्वर डाउन बता रहे हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार सत्ता में आने के लिए तमाम तरह की घोषणाएं करती है, जिसमें प्रदेश के किसानों का 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की घोषणा की थी, पिछले वर्ष इसी के तहत धान खरीदी की गई थी। इस वर्ष सरकार की मंशा धान कम खरीदने की है, जिसके लिए धान की गिरदावरी करने के साथ आनलाइन पेचिदींया इजाद की है की किसान परेशान हो जाए व अपनी उपज न बेच पाए। इतना ही नहीं अब किसान रोजमर्रा की जरूरत के लिए हाट बाजारों में धान भी बेच नहीं पा रहे हैं। हाट बाजारों में गल्ला व्यापारीयों के लिए किसान का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर के साथ सौदा पत्रक भरवाना अनिवार्य कर दिया गया है, जिसके चलते जिले के व्यापारी धान खरीदी बंद किए।



**कैरी फारवर्ड हो जाने बाद अपने मोबाइल ऐप में देखने के लिए इंतजार करना पड़ रहा**

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, श्वास रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

